**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल श्री मिश्र ने खोले के हनुमानजी रोप-वे का लोकार्पण किया

जयपुर, 28 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को खोले के हनुमान जी मंदिर में रोप-वे का लोकार्पण किया। यह रोप वे खोले के हनुमान जी मंदिर स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर से वैष्णो देवी माता मंदिर तक के लिए बना है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि इसके बनने से यहां धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि खोले के हनुमान जी का यह स्थल तपोभूमि है। उन्होंने संत निर्मल दास जी महाराज द्वारा इस स्थल पर तपस्या करने और पंडित राधेश्याम चौबे द्वारा यहां मंदिर निर्माण कार्यों की चर्चा करते हुए निरंतर यहां हो रहे सौंदर्य कार्यों की सराहना की। उन्होंने मंदिर न्यास द्वारा गौशाला संचालन,आयुर्वेद अस्पताल, वेद और सामान्य शिक्षा के प्रसार को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे यहां सेवा को ही परम धर्म माना गया है।

इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री महेश जोशी, सांसद श्री रामचरण बोहरा, विधायक श्री रफीक खान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे पहले श्री खोले के हनुमान जी प्रन्यास के अध्यक्ष श्री गिरधारी लाल शर्मा व सचिव श्री बृजमोहन शर्मा ने रोप-वे और अन्य समाजोपयोगी कार्यों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने खोले के हनुमानजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

-----------

## राज्यपाल ने राजभवन में किया बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण

जयपुर, 28 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का गुरुवार को लोकार्पण किया।

श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि यह कोर्ट राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को बैडमिंटन के जरिए खेलों की स्वस्थ परंपरा से जोड़ेगा। उन्होंने स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के लिए बैडमिंटन खेल को महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

---------